**D.A.V PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT**

**Periodic Test- 1(2021-22)**

**CLASS- VII**

**SUBJECT- LOWER HINDI**

**FULL MARKS- 40** **TIME- 60 MINS.**

**सामान्य निर्देश - * सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।**

*** इस प्रश्नपत्र में तीन खंड हैं।**

*** इस प्रश्नपत्र में 40 प्रश्न हैं।**

*** सभी खंडों के उत्तर क्रमश: लिखिए।**

**खंड - क (अपठित गद्यांश)**

**प्र.1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1x5=5)**

1. प्रणाम का भारतीय संस्कृति में बड़ा महत्व है। यह अपने से बड़ों श्रद्धेय तथा आदरणीय जनों के प्रति आत्मीयता का प्रतीक है। माता-पिता के अतिरिक्त समाज के सभी वृद्धजनों, अतिथियों, साधु-संतों को अपनी परंपरा के अनुसार प्रणाम करना मानव-धर्म है। वस्तुतः प्रणाम जीवन रूपी क्षेत्र में आशीर्वाद का अन्न उगाने का बीजमंत्र है। प्रणाम के संबंध में मनु की मान्यता है कि 'वृद्धजनों' व माता-पिता को जो नित्य सेवा-प्रणाम से प्रसन्न रखता है, उसकी आयु -विद्या-यश और बल चारों की वृद्धी होती है। प्रणाम के बल पर ही बालक मार्कंडेय ने सप्तर्षियों से चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त किया था। महाभारत के युद्ध के आरंभ में युधिष्ठिर ने पितामह भीष्म, गुरूद्रोण, कुलगुरू कृपाचार्य एवं महाराज शल्य को प्रणाम करके उनसे 'विजयी भव' का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रणाम की महत्ता निरूपित करते हुए संत तुलसी कहते हैं कि "वह मानव-शरीर व्यर्थ है जो सज्जनों और गुरूजनों के सम्मुख नहीं झुकता।"

**प्रश्न- i. प्रणाम किसका प्रतीक है?**

(क) संस्कृति का

(ख) बड़ों-श्रद्धेय तथा आदरणीयजनों के प्रति आत्मीयता का

(ग) मानव-धर्म का

(घ) परंपरा का

Ans - (i)

**प्रश्न- ii. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।**

(क) संस्कृति

(ख) आत्मीयता

(ग) मानव धर्म

(घ) प्रणाम का महत्त्व

Ans - (घ)

**iii. प्रणाम करने वाले को क्या प्राप्ति होती है?**

(क) आयु

(ख) विद्या

(ग) यश

(घ) दिए गए तीनों

Ans - (घ)

**iv. बालक मार्कंडेय को चिरंजीवी होने का वरदान दिया**

( क ) पितामह भीष्म ने

(ख) गुरू द्रोण ने

(ग) सप्तर्षियों ने

(घ) युधिष्ठिर ने

Ans - (ग)

**v. 'वह मानव-शरीर व्यर्थ है जो सज्जनों और गुरूजनों के सम्मुख नहीं झुकता' - कथन किसने कहा?**

(क) मार्कंडेय ने

(ख) मनु ने

(ग) संत तुलसीदास ने

(घ) कृपाचार्य ने

Ans - (ग)

## अपठित गद्यांश - २ (1x5=5)

जब कोई युवा अपने घर से बाहर निकलता है तो पहली कठिनाई उसे मित्र चुनने में पड़ती है। यदि उसकी स्थिती बिलकुल एकांत और निराली नहीं रहती तो उसकी जान पहचान के लोग धड़ाधड़ बढ़ते जाते हैं और थोड़े ही दिनों में कुछ लोगों से उसका हेल-मेल बढ़ते-बढ़ते मित्रता के रूप में परिणत हो जाता है। मित्रों के चुनाव की उपयुक्तता पर उसके जीवन की सफलता निर्भर हो जाती है, क्योंकि संगति का गुप्त प्रभाव हमारे आचरण पर बड़ा भारी पड़ता है। हम लोग ऐसे समय में समाज में प्रवेश करके अपना कार्य आरंभ करते हैं, जबकि हमारा चित्त कोमल और हर तरह का संस्कार ग्रहण करने योग्य

रहता है। हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है। हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं, जिसे जो जिस रूप में चाहे, उस रूप में ढाले-चाहे राक्षस बनाए, चाहे देवता।

**i. घर से निकलने पर किसी युवा को पहली कठिनाई क्या होती है?**

(क) खान-पान की

(ख) मित्र चुनना

(ग) रहने को घर

(घ) धन की कमी

Ans - (ख)

**ii. हेल-मेल बढ़ते-बढ़ते किस रूप में परिणत हो जाता है ?**

(क) जान-पहचान के रूप में

(ख) शत्रुता के रूप में

(ग) सफलता के रूप में

(घ) मित्रता के रूप में

Ans - (घ)

**iii. हमारे आचरण पर किसका भारी प्रभाव पड़ता है?**

(क) संगति का

(ख) समाज का

(ग) मित्रों का

(घ) संबंधियों का

Ans - (क)

**iv. किस अवस्था में हमारे भाव अपरिमार्जित और हमारी प्रवृत्ति अपरिपक्व रहती है ?**

(क) बाल्यावस्था में

(ख) वृद्धावस्था में

(ग) युवावस्था में

(घ) बचपन में

Ans - (क)

**v. उपर्युक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक बताइए।**

(क) युवावस्था और मित्रता

(ख) युवाओं के मित्र

(ग) युवाओं का जीवन

(घ) युवा वर्ग

Ans - (क)

## खंड - ख ( व्याकरण )

**प्र. 2. निम्नलिखित शब्दों में से वह शब्द चुनिए जो दिए शब्द का पर्यायवाची शब्द नहीं है।**

**(विकल्पों में से छाँट कर लिखिये।)** **(1x3=3)**

**क) आँख -**

(i) नेत्र

(ii) पीयूष

(iii) नयन

(iv) लोचन

Ans) (ii)

**(ख) हाथ -**

(i) हस्त

(ii) पाणि

(iii) कर

(iv) तन

Ans) (iv)

**(ग) पैर**

(i) पाँव

(ii) प्रभात

(iii) पद

(iv) चरण

Ans - (ii)

**प्र.3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द विकल्पों में से चुनकर लिखिए - (1x2=2)**

**(क) जीवन -**

(i) बैल

(ii) सरोवर

(iii) मृत्यु

(iv) दुख

**Ans) (iii)**

**ख) अपने**

(i) दुख

(ii) सदस्य

(iii) आगे

(iv) पराए

Ans - ( iv)

**4. नीचे दिए गए वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द विकल्पों में से छाँटकर लिखिए। (1x3=3)**

**(क) जो पढ़ाने का काम करें -**

(i) राजनेता

(ii) मंत्री

(iii) राजा

(iv) शिक्षक

Ans) (iv)

**(ख) जो मरीजों का इलाज करे -**

(i) गायक

(ii) डॉक्टर

(iii) नायक

(iii) शासक

Ans) (ii)

**(ग) जो सोने - चाँदी के गहने बनाए**

(i) नेता

(ii) सुनार

(iii) पुलिस

(iv) वैज्ञानिक

Ans- (ii)

**5. निम्नलिखित मुहावरों के सही अर्थ विकल्पों में से चुनकर लिखिए। (1x2=2)**

**(क) खुशी का ठिकाना न रहना**

(i) दुखी होना

(ii) धोखा देना

(iii) प्रसन्न होना

(iv) इर्ष्या करना

Ans - (iii)

**(ख) नौ - दो ग्यारह होना**

(i) तैयार होना

(ii) लालच करना

(iii) बहुत खुश होना

(iv) भाग जाना

Ans - (iv)

## खंड - ग ( पाठ्य पुस्तक )

**6.** **(1x20=20)**

**(क) कैसे व्यक्ति जीवन में सुख प्राप्त करते हैं ?**

(i) जो गिरने और पिछड़ने पर अपनी हिम्मत खो देते हैं ।

(ii) जो गिरने और पिछड़ने पर भी अपनी हिम्मत नहीं खोते।

(iii) जो आँख मींचकर हँसते हैं ।

(iv) जो हमेशा धन कमाने में लगे रहते हैं ।

Ans) (ii)

**(ख) सुप्पंदी पैसे लेकर कहाँ गया ?**

(i) घर

(ii) दुकान

(iii) छत पर

(iii) नाना के घर

Ans) (ii)

**(ग) गांधीजी कैसे पत्थर का उपयोग करते थे?**

(i) काला

(ii) खुरदरा

(iii) चिकना

(iv) लाल

Ans) (ii)

**(घ) गांधीजी किसके घर ठहरे थे ?**

(i) मोची

(ii)पंडित

(iii) जुलाहे

(iv) सुनार)

Ans) (iii)

**(ङ) उलटा पुलटा कविता के कवि कौन हैं ?**

(i) भगवती प्रसाद द्विवेदी

(ii) पी. भारती

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान

(iv) रामनरेश त्रिपाठी

Ans) (i)

**(च) दादी की चप्पलें ——— की थीं।**

(i) सोने

(ii) प्लास्टिक

(iii) चांदी

(iv) लकड़ी

Ans) (ii)

**छ. गिरगिट और मकड़ी गिरने के बाद क्या करते हैं?**

(i) सो जाते हैं।

(ii) घायल हो जाते हैं।

(iii) तुरंत सँभल जाते हैं और आगे की ओर बढ़ने लगते हैं।

(iv) हिम्मत खो देते हैं।

Ans) (iii)

**ज. अनोखा ढंग पाठ के लेखक कौन है?**

(i) उमाशंकर जोशी

(ii) कबीर

(iii) श्री विजय गुप्त

(iv) तुलसीदास

Ans) (i)

**झ. छिपकली छत से गिरते ही -**

(i) सो जाती है।

(ii) घायल हो जाती है।

(iii) अपने-आप आगे बढ़ जाती है।

(iv) उठाना पड़ता है।

Ans) (iii)

**ञ. दूसरी डाली पकड़कर बंदर -**

(i) दुखी हो जाता है।

(ii) खुश हो जाता है।

(iii) कूदने लगता है।

(iv) भागने लगता है।

Ans) (ii)

**(ट) दो पटरियों के बीच जगह क्यों छोड़ी जाती है ?**

(i) बहुत ही सुन्दर दिखाई देता है।

(ii) रेलगाड़ी जब चलती है तो अच्छी आवाज़ आती है।

(iii) गरम होने पर पटरियाँ फैलकर लंबी हो जाती है।

(iv) इन में से कोई भी नहीं।

Ans- (iii)

**(ठ) अभिकथन: दादी माँ की चप्पलें क्यों गायब हो गईं ।।**

**कारण: चप्पलें गरम तवे पर गलने के कारण गायब हो गईं।**

i) अभिकथन सत्य है और कारण अभिकथन का सही कारण है।

ii) अभिकथन गलत है और कारण सत्य है।

iii) कथन सही है और कारण गलत है।

iv) अभिकथन सत्य है लेकिन कारण अभिकथन का सही कारण नहीं है।

Ans) [i]

**(ड) अभिकथन: कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती ।।**

**कारण: जीवन में आई कठिनाइयों से न घबराकर जिस प्रकार बन्दर , गिरगिट , चींटें , छिपकली आदि सब बढते हैं इससे यह स्पष्ट होता है कि जो कोशिश करते हैं वे विजयी होते हैं ।**

(i) अभिकथन सत्य है और कारण अभिकथन का सही कारण है।

(ii) अभिकथन गलत है और कारण सत्य है।

(iii) कथन सही है और कारण गलत है।

(iv) अभिकथन सत्य है लेकिन कारण अभिकथन का सही कारण नहीं है

Ans) [i]

**(ढ) जूतों की दुकान पर जाते हुए सुप्पंदी ने क्या बात सीखी ?**

(i) गरम होने पर चीज़ें फैल जाती हैं और बड़ी भी हो जाती हैं।

(ii) गरम होने पर चीज़ें छोटी हो जाती हैं।

(iii) गरम होने पर चीज़ें अदृश्य हो जाती हैं।

(iv) इन में से कोई भी नहीं।

Ans - (i)

**(ण) गाँधी जी ———— का प्रसार के लिए पैदल यात्रा कर रहे थे।**

(i) कृषि

(ii) उद्योग

(iii) शांति

(iv) साहस

Ans - (iii)

**(त) वह पत्थर गाँधी जी को किसने दिया था ?**

(i) मनु

(ii) आभा

(iii) कस्तूरवा

(iv) मीरा बहन

Ans - (iv)

**(थ) स्वयंसेवक कौन होता है ?**

(i) जो स्वयं की सेवा करता है।

(ii) जो सेवकों की सेवा करता है।

(iii) जो दूसरों की सेवा के लिए स्वयं तयार रहता है।

(iv) जो हमेशा पैदल चलते हैं।

Ans - (iii)

**(द) गाँधी जी गाँव पहुंचकर सबसे पहले क्या करते थे ?**

(i) स्नान करते थे।

(ii) भोजन करते थे।

(iii) प्रार्थना करते थे।

(iv) लिखने - लिखाने का काम करते थे।

Ans - (iv)

**(ध) मनु गाँव कैसे पहुँच गई ?**

(i) लोगों से पता पूछते हुए।

(ii) पैरों के निशान देखते - खोजते।

(iii) उसे गाँव का रास्ता याद था ।

(iv) उसके साथ स्वयंसेवक थे।

Ans - (ii)

**(न) सुप्पंदी की दादी ने कितनी जोड़ी चप्पलें लाने को कहा ?**

(i) एक

(ii) दो

(iii) तीन

(iv) चार

Ans - (i)

**—×××••••••×××—**